No. EDN-HE (21) B (13) 03/2020-MISC
Directorate of Higher Education
Himachal Pradesh

Dated: Shimla-171001 the 04 SEP 2024 ~~August~~, 2024

To

All the Deputy Director of Higher Education,
Himachal Pradesh

**Subject:-** **ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय अभियान के तहत कक्षा 8वीं , 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ख ') के स्कूली छात्र/छात्राओं हेतु पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन**

05 SEP 2024
4880

Please find enclosed herewith a copy of letter Ref. No. SJVN / CHQ / / KALYAN-08/4500 dated 9.08.2024 alongwith its enclosures received from the General Manager, Nodal Officer (Painting Competition-2024), SJVN Limited, Shakti Sadan, Shanan, P.O. Sanjauli, District Shimla, Himachal Pradesh, on the subject cited above.

In this context, it is intimated that SJVN Limited is going to organize a painting competition in Himachal Pradesh for the students who are studying in 8th, 9th & 10th classes. In this regard, you are therefore, directed to examine the matter and circulate the same amongst all the Heads of Educational Institutions under your jurisdiction and also direct to aware / motivate the students to participate in the above said painting competition.

Director of Higher Education
Himachal Pradesh

Endst.No.EDN-KGR(Misc.)2024/
Office of the Deputy Director of Higher Education,
Kangra at Dharamshala.
E mail Address ddhekangra3@gmail.com 06-09-2024

06 SEP 2024
6060-62

Copy to:-
01. All the Principals/Headmasters Govt. Sr. Sec. /High Schools of District Kangra for strict compliance.
02. The Director of Higher Education H.P. Shimla-1 for information please.
03. The Incharge Computer Cell to upload the same on the Deptt. Website.

**Deputy Director of Higher Education,**
**Kangra at Dharamshala**

SJVN Limited

(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Mini Ratna & Schedule 'A' Company
Corporate Human Resource Department

एसजेवीएन / सीएचक्यू / कल्याण–08 / [illegible]

09.08.2024

सेवा में,

निदेशक, उच्चतर शिक्षा
शिक्षा निदेशालय, लालपानी
जिला शिमला, हि. प्र.

विषय: ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय अभियान के तहत् कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ख') के स्कूली छात्र / छात्राओं हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

महोदय / महोदया,

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय द्वारा एसजेवीएन लिमिटेड को हिमाचल प्रदेश राज्य में पेंटिंग प्रतियोगिता को कोऑर्डिनेट / आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया है। उपरोक्त विषय में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एसजेवीएन द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत पेंटिंग के माध्यम से स्कूली छात्र / छात्राओं हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबध मे विस्तृत जानकारी की रूपरेखा आप के माध्यम से आपके अर्न्तगत कार्यरत जिला उपनिदेशको / जिला सहायक निदेशको को निर्देशित किये जाने हेतु सलंग्न किया जाता है ताकि संबधित प्रधानाध्यापकों / प्रधानाध्यापिकाओं को आगे उपरोक्त के संबध मे अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

ऊर्जा संरक्षण के इस राष्ट्रीय अभियान की सफलता के लिए आपका सक्रिय सहयोग सादर अपेक्षित है।

धन्यवाद।

भवदीय,

(अनुराग भारद्वाज)
उप महाप्रबंधक (मा.सं.)
राज्य नोडल अधिकारी (पेंटिंग प्रतियोगिता–2024) (हि.प्र)

SJVN Limited
(Formerly – Satluj Jal Vidyut Nigam Limited)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Mini Ratna & Schedule 'A' Company
Corporate Human Resource Department

# ऊर्जा संरक्षण पेंटिंग प्रतियोगिता, 2024 की विस्तृत योजना

पात्रता : कक्षा 5वीं, 6वीं एवं 7वीं (समूह 'क') एवं कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ख') में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थी इस पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के पात्र हैं। प्रत्येक श्रेणी में जिन विद्यार्थियों ने वर्ष 2021, 2022 और 2023 के दौरान राज्य स्तरीय में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीते हों वे इस वर्ष की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे तथा सांत्वना पुरस्कार विजेता इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, परन्तु पात्र होने पर समूह 'क' के पुरस्कार विजेता समूह 'ख' में भाग ले सकेगें।

कक्षा 5वीं, 6वीं एवं 7वीं (समूह 'क') एवं कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ख') के लिए सामान्य विषय शीर्षक (Theme Topics) (School Level) निम्नलिखित हैः

| समूह 'क' एवं समूह 'ख' के लिए सामान्य विषय | |
|---|---|
| • **Conserve Energy, Protect Environment** | • ऊर्जा का संरक्षण, पर्यावरण का अनुरक्षण |
| • **Energy Saving is Enviornment Saving** | • ऊर्जा की बचत पर्यावरण की रक्षक है |

स्कूल स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिता का शेड्यूलः सभी स्कूलों को www.paintings.beeindia.gov.in पर अपनी आईडी तथा पासवर्ड बनाने के बाद अपने स्कूल का रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। स्कूल स्तर पर प्रत्येक समूह ('क' एवं 'ख') हेतु 2 घंटे की चित्रकला प्रतियोगिता 20 अक्टूबर, 2024 तक किसी भी कार्यदिवस में आयोजित की जा सकती है।

पेंटिंग सामग्रीः स्कूल स्तर पर छात्रों को A4 आकार की शीट और पेंटिंग सामग्री जैसे पेंसिल, क्रेयॉन वाटर कलर का उपयोग करना है। छात्र उपर्युक्त विषयों में से किसी एक का चयन कर सकते है। प्रतियोगिता के सभी स्तरों पर पेंटिंग में कोलाज/पैचवर्क के उपयोग की अनुमति नहीं है।

स्कूल स्तर पर मूल्यांकन : प्रतिभागी विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का मूल्यांकन दो सदस्यीय समिति, जिसमें एक सदस्य अधिमानतः (preferably) फाइन आर्ट्स का हो, द्वारा किया जाना चाहिए। यह समिति कक्षा 5, 6, एवं 7 (समूह 'क') एवं कक्षा 8, 9 एवं 10 (समूह 'ख') की दो– दो सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग्स का चयन करेगीं। **स्कूल प्राचार्यों को www.paintings.beeindia.gov.in पर जाकर अपने स्कूल का पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।**

पेंटिंग्स भेजने की अन्तिम तिथिः स्कूल के प्राचार्य प्रत्येक समूह से दो–दो चयनित सर्वश्रेष्ठ चित्रकला (पेंटिंग्स) को पृष्ठ – 4 पर दिए गए पते पर एसजेवीएन के नोडल/समन्वय अधिकारी को दिनांक 20 अक्तूबर, 2024 तक या बढ़ाई गई तिथि के अनुसार डाक के माध्यम से या ईमेल द्वारा भिजवाने/उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करें।

Limited
(Formerly – Satluj Jal Vidyut Nigam Limited)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Mini Ratna & Schedule 'A' Company
Corporate Human Resource Department

Best Workplaces India 2024

SJVN

पेंटिंग के पीछे निम्नलिखित सूचना अवश्य देनी होगी :

| | |
|---|---|
| विद्यार्थी का नाम : | पिता / माता का नाम: |
| कक्षा : | रोल नं0 : |
| स्कूल का नाम तथा पता : | स्कूल का टेलिफोन नं0 : |
| ब्लॉक का नाम: | |
| राज्य / संघ शासित : | माता / पिता का मोबाइल नं. (अनिवार्य रूप से): |
| स्कूल के प्रिंसिपल के हस्ताक्षर : | शहरी / ग्रामीण क्षेत्र: |
| सरकारी / निजी स्कूल : | समूह : |

## राज्य स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता :

पात्रता : पूरे राज्य के सभी स्कूलों से प्राप्त चयनित पेंटिंग्स में से विशेषज्ञों की समिति / जूरी द्वारा सर्वश्रेष्ठ 50 पेंटिंग्स (प्रत्येक समूह 'क' एवं 'ख' से) को राज्य स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा तथा चयनित 50 –50 दोनों समूहों के विद्यार्थियों को पत्र / टेलिफोन द्वारा सूचित किया जाएगा।

नोट : कृपया सुनिश्चित करें कि पेंटिंग्स के पीछे विद्यार्थी का नाम, पता, कॉन्टैक्ट न0, आदि विवरण पूरे तथा स्पष्ट रूप से लिखे हों।

समयावधि एवं स्थान : राज्य स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता की अवधि दो घंटे (अपराह्न 11:00 बजे से दोपहर 01:00 तक) की होगी जो कि **दिनांक 14 नवम्बर, 2024 को शिमला में आयोजित की जाएगी।** (प्रतियोगिता के तुरंत बाद ही राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।)

प्रतिभागिता राशि एवं अन्य : राज्य स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को रू. 2000 / – प्रत्येक को नकद प्रतिभागिता राशि और प्रमाण–पत्र उसी दिन प्रदान किया जाएगा।

प्रतिभागी विद्यार्थियों को राज्य स्तर प्रतियोगिता के लिए प्रतियोगिता स्थल तक लाने और वापिस ले जाने की जिम्मेदारी उनके अभिभावकों अथवा स्कूल की होगी। एसजेवीएन द्वारा समूह 'क' एवं समूह 'ख' के प्रतिभागी विद्यार्थियों तथा उनके साथ आए दो अभिभावकों / संरक्षको (Guardians) को शिमला तक के लघुतम मार्ग के स्लीपर श्रेणी के रेल भाडे / चेयरकार / 3 ए.सी. / राज्य रोडवेज की बस किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

प्रतिभागी विद्यार्थी को अपनी पेंटिंग सामग्री – **क्रेयोन्स, कलर पेंसिल, वाटर कलर, रबड तथा ड्राईंग बोर्ड इत्यादि अपने साथ लानी होगी** । आयोजकों द्वारा **A3 size** की ड्राइंग शीट्स प्रतियोगिता स्थल पर ही दी जाएगी।

SJVN Limited
(Formerly – Satluj Jal Vidyut Nigam Limited)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Mini Ratna & Schedule 'A' Company
Corporate Human Resource Department

Best Workplaces™

SJVN

**राज्य स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि (प्रत्येक समूह 'क' एवं 'ख' हेतु) :**

| | | |
|---|---|---|
| क | प्रथम पुरस्कार | रू. 50,000/– |
| ख | द्वितीय पुरस्कार | रू. 30,000/– |
| ग | तृतीय पुरस्कार | रू. 20,000/– |
| घ | सांत्वना पुरस्कार (कुल 10 नं0) | रू 7,500/– |

उपरोक्त पुरस्कार के साथ समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

**राष्ट्रीय स्तर पेंटिंग प्रतियोगिता :**

**राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभागिता** : राज्य स्तर की प्रतियोगिता से चुने गए तीन–तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी (समूह 'क' एवं समूह 'ख') दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतिभागी के साथ साथ उसके दो अभिभावकों/संरक्षकों को दिल्ली तक जाने व आने के लिए यात्रा तथा दिल्ली में उनके ठहरने की व्यवस्था एसजेवीएन द्वारा की जाएगी। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों को रू. 2000/– प्रत्येक को नकद प्रतिभागिता राशि प्रदान की जाएगी।

**राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि :**

राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को दिनांक 14 दिसम्बर 2024 को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय ऊर्जा बचाओ दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु निर्धारित नकद पुरस्कार इस प्रकार हैं :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | प्रथम पुरस्कार (01 न0) | (प्रत्येक, नकद) | रू 1,00,000/– |
| ख | द्वितीय पुरस्कार (01 न0) | (प्रत्येक, नकद) | रू 50,000/– |
| ग | तृतीय पुरस्कार (01 न0) | (प्रत्येक, नकद) | रू 30,000/– |
| घ | सांत्वना पुरस्कार (10 नं0) | (प्रत्येक, नकद) | रू 15,000/– |

**प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेताओं को एक–एक लैपटॉप और सांत्वना पुरस्कार विजेताओं को एक–एक टैबलेट प्रदान किया जाएगा।**

Limited
(Formerly - Satluj Jal Vidyut Nigam Limited)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Mini Ratna & Schedule 'A' Company
Corporate Human Resource Department

## एसजेवीएन लिमिटेड के नोडल अधिकारी / कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी

### राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | नोडल अधिकारी | : | श्री अनुराग भारद्वा |
| ख | पदनाम | : | उप महाप्रबंधक (मा.सं.) |
| ग | पत्राचार का पता | : | एस.जे.वी.एन. लिमिटेड, शनान, शिमला–171006 (हि0 प्र0) |
| घ | दूरभाष | : | 0177–2660274 (कार्या-), 9418475412 |
| ङ | ई–मेल | : | irsection.chq@sjvn.nic.in |

### राज्य स्तर पर कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी:

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी | : | श्रीमती कनिका मल्होत्रा |
| ख | पदनाम | : | प्रबंधक (मा.सं.) |
| ग | पत्राचार का पता | : | एस.जे.वी.एन. लिमिटेड, शनान, शिमला–171006 (हि0 प्र0) |
| घ | दूरभाष | : | [illegible] |

SJVN Limited
(Formerly – Satluj Jal Vidyut Nigam Limited)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
A Mini Ratna & Schedule 'A' Company
Corporate Human Resource Department

## एसजेवीएन लिमिटेड के नोडल अधिकारी / कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी :

### राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी:

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | नोडल अधिकारी | : | श्री अनुराग भारद्वाज |
| ख | पदनाम | : | उप महाप्रबंधक (मा.सं.) |
| ग | पत्राचार का पता | : | एस.जे.वी.एन. लिमिटेड, शनान, शिमला–171006 (हि0 प्र0) |
| घ | दूरभाष | : | 0177–2660274 (कार्या-), 9418475412 (मो.) |
| ड | ई–मेल | : | **irsection.chq@sjvn.nic.in** |

### राज्य स्तर पर कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी:

| | | | |
|---|---|---|---|
| क | कोऑर्डिनेटिंग अधिकारी | : | श्रीमती कनिका मल्होत्रा |
| ख | पदनाम | : | प्रबंधक (मा.सं.) |
| ग | पत्राचार का पता | : | एस.जे.वी.एन. लिमिटेड, शनान, शिमला–171006 (हि0 प्र0) |
| घ | दूरभाष | : | 0177–2660274 (कार्या.) 8894328993 (मो.) |
| ड | ई–मेल | : | welfare.sjvn@gmail.com |

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि आप अपने विद्यालय के कक्षा 5वीं, 6वीं एवं 7वीं (समूह 'क') एवं कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 10वीं (समूह 'ख') के विद्यार्थियों के मध्य पेंटिंग प्रतियोगिता **20 अक्टूबर, 2024** तक करवाकर प्रत्येक समूह से चयनित दो–दो सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग्स उपरोक्त पते पर **20 अक्तूबर, 2024** तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

ऊर्जा संरक्षण के इस राष्ट्रीय अभियान की सफलता के लिए आपका सक्रिय सहयोग अपेक्षित है ।

धन्यवाद।

भवदीय,

(अनुराग भारद्वाज)
उप महाप्रबंधक (मा.सं.)
राज्य नोडल अधिकारी (पेंटिंग प्रतियोगिता–2024) (हि.प्र)